रविवार के दिन भोजपत्र अथवा कागज पर केशर से यह यन्त्र बनादे और उसके ऊपर 'रूद्र गुटिका' रख दे फिर भोजपत्र में वह गुटिका समेट कर कच्चे रेशमी धागे से सात अथवा नौ आंटे देकर मादलिये (तावीज) में रख गले मे या हाथ में बांधने से वाल भय समाप्त हो जाता है और उस पर किसी भी प्रकार की पीड़ा भूत प्र त नजर टोना टोटका होता है तो दूर हो जाता है और बालक स्व-स्थ बना रहता है ।

यह प्रयोग महत्वपूर्ण है और आजमाया हुआ है ।

हुए गुलाब के फूल अदृश्य हो जाय तो समझना चाहिए कि साधना में सिद्धि मिल गई है, साधना में गंधक के घेरे में बाकी चीजें तो ज्यों की त्यों रहेगी पर गुलाब के फूल नित्य ताजे लाकर रखने चाहिए।

बाईसवें दिन जब प्रयोग करना हो तो अदृश्य गुटिका को अपने मुंह में रख ले तो वह अदृश्य हो जायगा, वह तो अन्य लोगों को देख सकेगा परन्तु उसे कोई नहीं देख पायेगा जब वापिस प्रत्यक्ष होना हो तो उस अदृश्य गुटिका को कपड़े में ले लेने पर वह सब को दिखाई देने लग जाता है।

बनजारिन का यह प्रयोग इतना चमत्कारिक और प्रामाणिक है कि इतने वर्ष बीतने के बाद भी आज भी यह प्रयोग ज्यों का त्यों मैं उपयोग करता हूं, और मुझे सफलता मिलती है।

हजारों मील की यात्रा सैकण्डों में

यह सिद्धि भी मुझे उस बनजारिन से मिली थी, इसमें साधना सिद्ध होने पर व्यक्ति हवा की तरह हलका और अदृश्य हो जाता है, और कुछ ही सैकण्डों में हजारों मील दूर जहां भी वह चाहे पहुंच सकता है, तथा वापिस आ सकता है, इस प्रयोग में शरीर को कोई नुकसान नहीं होता और सारा शरीर हवा की तरह हलका होकर उड़ने लग जाता है।

विधि —

यह प्रयोग शुक्रवार की रात से शुरू होता है, घर के कमरे में पश्चिम की ओर मुंह कर बैठ जाय, नीचे मृग चर्म बिछा हो और एक मृग चर्म वह खुद लपेट ले, इसके अलावा शरीर पर अन्य कोई वस्त्र न हो, फिर सामने गुलाब के तेल का दीपक लगा ले और लोबान धूप या लोबान की अगरबत्ती जलावे, यह न मिले तो चन्दन की अगरबत्ती भी लगा सकते हैं।

फिर काली मिर्च का पाउडर बनाकर उससे अपने सामने जमीन पर एक गोल घेरा बनावे और उसमें शून्य गुटिका, सुलेमान यन्त्र, आठ गुलाब के फूल, आठ काली मिर्च के दाने, आठ लौंग, आठ हकीक तथा आठ लघु

व्यवसाय वर्द्धक चौबीसा यन्त्र

बुधवार के दिन इस यन्त्र को व्यापार का मालिक खुद भोजपत्र पर केशर से बनावे और उस पर "लक्ष्मी गुटिका" रख दे। फिर इसे व्यवसाय की राकड़ रहती हो या सम्पत्ति रखने का स्थान हो वहां पर रख दे।

१	१४	४	१५
८	११	५	१०
१३	२	१६	३
१२	७	९	६

ऐसा करने पर व्यापार दिन दूना रात-चौगुना बढ़ता रहता है, यह सिद्ध प्रयोग है और सैकड़ो लोगों ने आजमाया है।

नारियल रख दे ।

फिर सामने बैठकर विद्युत माला से इक्कीस माला मन्त्र जप करे, यह प्रयोग इक्कीस दिन करे तब तक उस कमरे में साधक के अलावा और कोई नहीं जावे दिन को ताला लगाये रखे और रात को मन्त्र जप करते समय दरवाजा थोड़ा सा खुला रखे ।

मन्त्र

बिसमिल्लाहिर्रहीम लाइल्लालिल्लाह मुहम्मद रसूलिल्ला मुसलमानी अबादानी मरो न खाय परी न छोडे वे बहिश्त को जाय । चौकी पै चौकी चली अम्बर हुआ तरवर तारा मीना सा मर्द गढ़ तोड़ा आकाश तोड़ा नदी बांध समुद्र पाताल तोड़ा मनचिन्ते जगे पे जाय बिस्मिलाह कारज करे मेरी भक्ति गुरु की शक्ति फुरोमन्त्र ईश्वरो वाचा छू मन्तर

इक्कीस दिन के बाद जब सामने के घेरे में से गुलाब के फूल गायब हो जाय तो समझ लेना चाहिए कि सिद्धि प्राप्त हो गई है, इसके बाद जब भी शून्य गुटिका मुंह में रखेगा तो उसका शरीर हवा की तरह हल्का हो जायगा और उड़ने लग जायगा फिर धीरे-धीरे जहां चाहे वहां नीचे उतर जाय और शून्य गुटिका को मुंह से बाहर निकाल ले तो जैसा शरीर है, वैसा हो जायगा, मगर हजारों मील की यात्रा कुछ ही सैकण्डों में हो जायगी ।

इस प्रयोग में घेरे में नित्य ताजे गुलाब के फूल रखने चाहिए और सिद्धि प्राप्त होने पर इसकी चर्चा किसी से नहीं करनी चाहिए ।

वस्तुतः यों तो बनजारिन ने सैकड़ों प्रयोग मुझे बताये थे, जो कि एक से एक बढ़कर है, परन्तु मैंने कुछ प्रयोग पाठकों के सामने रखे हैं, जो कि अपने आप में महत्वपूर्ण और सिद्ध है ।



शत्रु का व्यापार चौपट करने का प्रयोग

यह ग्यारह दिन का प्रयोग है, मंगलवार की रात से इस प्रयोग को प्रारम्भ करना चाहिए, मंगलवार की रात दक्षिण दिशा की ओर मुंह कर काले आसन पर काली धोती पहन कर बैठ जाय, सामने तेल का दीपक लगा ले और सात मूंगा रत्न रख दे, ये "रत्न व्यापार बन्ध" प्रयोग से सिद्ध हो, फिर इन सातों मूंगा रत्नों पर सिन्दूर का तिलक करे तथा हकीक माला से तीन माला मन्त्र जप करे ।

मन्त्र

ॐ नमः काल रूपाय शत्रु व्यापार भस्मी कुरु कुरु फट् ।

ग्यारह दिन के बाद वे मूंगे के टुकडे लाल कपडे में बांध कर शत्रु की दुकान में या दुकान के सामने डाल दे तो निश्चय ही शत्रु का व्यापार बरबाद हो जाता है और धीरे धीरे वह दिवालिया हो जाता है ।

चेहरे के और शरीर के दाग दूर करने का प्रयोग

शरीर सुन्दर हो, चेहरा आकर्षक हो पर यदि किसी प्रकार के घाव का निशान, मस्सा, दाग, दाद, और अन्य कोई चिन्ह हो तो उससे चेहरे की सुन्दरता मारी जाती है, इसके लिये साबर में एक विशेष प्रयोग दिया हुआ है जो कि अपने आप में अद्भुत है।

यह प्रयोग सोमवार से प्रारम्भ करना चाहिए और तीस दिनों का प्रयोग है प्रातः उठकर सिर के बाल धो ले और स्नान कर आसन पर बैठ जाय, सामने पारद का विशेष मन्त्र सिद्ध शिवलिंग किसी पात्र में स्थापित कर दे और उस पर धीरे धीरे जल चढ़ाते समय निम्न मन्त्र बराबर उच्चारण करे।

ॐ नमो शिवाय गौरी पति कामरूप दायक मेरे शरीर को भी रति समान करे, फालतू दाग दूर करे गौरी के समान सुन्दर बने जो न करे तो सती गौरी की दुहाई।

मन्त्र पढ़ते समय शिवलिंग पर पानी की धार पतली पतली चढ़ाती रहे, लगभग पन्द्रह मिनट तक ऐसा करे, और फिर शिवलिंग को बाहर निकाल कर उस पर चढ़ाये हुए जल में से कुछ जल उन दागों पर लगा ले और बाकी जल पी ले।

इस प्रकार तीस दिन करे तो व्यर्थ के दाग और दाद आदि अशोभनीय चिन्ह समाप्त हो जाते हैं।

लम्बे काले और घने आकर्षक बालों की प्राप्ति का शर्तिया प्रयोग

यह प्रयोग मुझे साबर मन्त्रों के ज्ञाता एक बनजारिन ने बताया था, उसके बाल अत्यधिक घने काले और ऐड़ियों को छूते हुए थे, इस प्रयोग से बालों का झड़ना बन्द हो जाता है, साथ ही साथ यदि बालों में सफेदी आ रही हो तो वह दूर हो जाती है, वास्तव में ही यह प्रयोग अत्यधिक महत्वपूर्ण है

यह प्रयोग वह बालिका स्वयं करे जो इस प्रकार के बाल चाहती है, एक पात्र में जल ले लें और उसमें 'पुष्पधन्वा जड़ी' का पाउडर मिला ले। फिर सामने एक अलग पात्र में 'गौरी गुटिका' रख कर उस पर निम्न मन्त्र पढ़ती हुई जल चढ़ाये। लगभग एक या दो बाल्टी पानी इस गौरी गुटिका पर चढ़ा देना चाहिए। पाउडर एक या दो तोला मिलाना चाहिए। लगभग आधे घण्टे तक गौरी गुटिका पर जल चढ़ाते हुए निम्न मन्त्र पढ़े।

मन्त्र

ॐ गौरी अगनी भैरवी योगनी सहारे वपु सहारे मेरे केस सुन्दर करे, लम्बे करे घने और दिप् दिप् करे जो न करे तो राजा रामचन्द्र की दुहाई। रूद्र को त्रिशूल खावे योगिनी की दुहाई।

फिर उस जल से अपने बालों को धो ले इस प्रकार २१ दिन करे तो बालों का झड़ना बन्द हो जाता है तथा उसके बाल अत्यधिक चमकीले आकर्षक, घने और झरने के समान पीठ पर लहराते हुए से होने लगते हैं।

कद बढ़ाने का विश्वसनीय प्रयोग

यदि आप सुन्दर और आकर्षक हैं पर यदि आपका कद छोटा है तो सारी सुन्दरता व्यर्थ हो जाती है। छरहरा शरीर लम्बा कद पुरुषों को पागल बना देने के लिये पर्याप्त है, इस प्रयोग से कद लम्बा होता है, मुझे यह प्रयोग एक श्रेष्ठ योगिनी से प्राप्त हुआ था और इसे मैंने कई बार आजमाया है।

किसी शुक्रवार के दिन स्नान कर गुलाबी रंग की साड़ी पहन कर उत्तर दिशा की ओर मुंह कर गुलाबी आसन पर बैठ जाय सामने किसी पात्र में स्वस्तिक का चिन्ह कुंकुम से बनाकर उस पर २१ लघु नारियल रख दे और इन सब पर कुंकुम का तिलक करे तथा स्फटिक माला से मन्त्र का जप करे—

या ख्वाजः खिजर मेहर मेहर लाजवाल तू लाजवाल

नित्य ११ माला जप होना चाहिए। इस प्रकार चालीस दिन तक करे। पहले दिन ग्यारहवें दिन इक्कीसवें दिन तथा इकतीसवें दिन लघुनारियल बदल ले अर्थात् पहले दिन जो लघु नारियल रखें थे, उनकी दस दिन पूजा हो और ग्यारहवें दिन वे नारियल अन्य पात्र में रख दे और नये नारियल स्थापित कर दे। इस प्रकार चार बार नारियल बदलता रहे। फिर सब नारियल प्रयोग पूरा होने के बाद पीस कर पाउडर बना दे और उसकी अस्सी पुड़िया बना दे; एक पुड़िया सुबह तथा एक पुड़िया शाम पानी के साथ सेवन करे तो वे पुड़ियाएं समाप्त होते होते मनोवांछित कद बढ़ जाता है और उसके रूप में अद्वितीय निखार आ जाता है।

ये लघु नारियल अंगूठे के आकार के मन्त्र सिद्ध होते हैं।

३– मर्दों को पागल बना देने वाला चेहरा प्राप्ति के लिए कमल संज्ञक प्रयोग

जैसा मैंने पीछे बताया है, कि यदि रंग गोरा और वह बालिका लम्बी छरहरी हो फिर भी यदि चेहरे पर आकर्षण नहीं हो या छोटी-छोटी असुन्दर आंखें हों, होंठ खिंचे हुए रसहीन सूखे निर्जीव से हों तो सारा सौन्दर्य धरा का धरा रह जाता है, सारे शरीर का प्रधान भाग चेहरा ही होता है, और चेहरे में भी आंखों का महत्व सबसे ज्यादा है, क्योंकि व्यक्ति की पहली नजर उसकी आंखों पर ही पड़ती है, इसलिए सौन्दर्य विशेषज्ञों ने कहा है, कि 'बोलती हुई आंखें' हों, होंठ मदभरे और निमन्त्रण देने वाले से प्रतीत होते हों, यह प्रयोग ऐसा ही है।

इस प्रयोग को किसी शुक्रवार से प्रारम्भ किया जा सकता है, प्रातः स्नान कर गुलाबी साड़ी पहन कर उत्तर दिशा की ओर मुंह कर बैठ जाय, नीचे गुलाबी आसन हो, सामने एक पात्र में या प्लेट में केशर से निम्न यन्त्र बनावे, 'खुद के नाम' के स्थान पर स्वयं का नाम लिखे।

शरीर की फालतू चरबी हटाने का प्रयोग

शरीर में जहां पर भी फालतू चरबी या थुलथुलापन होगा वह बेडौल और अशोभनीय ही होगा, ऐसा थुलथुलापन होठों में, गालों में, चेहरे में वक्ष स्थल पर कूल्हों में हाथ पैरों में पेट में या कमर में कहीं पर भी हो सकता है, इससे सारा सौन्दर्य मारा जाता है और धीरे धीरे शरीर बेडौल-हो जाता है।

इसके लिये एक अत्यधिक उत्तम प्रयोग साबर साधनाओं में है जिसे मैं पहली बार स्पष्ट कर रहा हूं।

शुक्रवार के दिन गुलाबी रंग की साड़ी पहिन कर गुलाबी आसन पर बैठकर उत्तर दिशा की ओर मुंह कर बैठ जाय, सामने किसी पात्र में 'नागमुष्टिका यन्त्र' स्थापित कर दे और उस पर केशर लगावे फिर 'सौन्दर्य-माला' से निम्न मन्त्र का जप करे, सौन्दर्य माला विशेष मन्त्रों से सिद्ध होती है।

मन्त्र


ॐ ॐ ॐ अनन्त मुखी स्वाहा।

यह प्रयोग २१ दिन का है, इसके भोजन का भी विशेष विधान है, पहले दिन केवल एक कौर भोजन करे, दूसरे दिन दो कौर इसी प्रकार ग्यारहवें दिन ग्यारह कौर भोजन करे फिर बारहवें दिन घटते हुए दस कौर, नौ कौर भोजन कर २१ वें दिन निराहार रहे।

नागमुष्टिका यन्त्र पर आधे घण्टे तक उपरोक्त मन्त्र पढ़ते हुए जल चढ़ावे और मन्त्र जप के बाद उस जल में से एक गिलास भर जल पी ले।

वस्तुतः यह प्रयोग अद्भुत है और चाहे शरीर में कितनी भी फालतू चरबी हो, तो भी इस प्रयोग से समाप्त हो जाती है, कौर का तात्पर्य भोजन करते समय एक बार में जो मुंह में डालते हैं उतने खाद्य पदार्थ को एक कौर कहते हैं।

यन्त्र



फिर इस यन्त्र के सामने 'मदकुंभ यन्त्र' रख दे और केशर से उसका पूजन करे, तथा स्फटिक माला से नित्य ११ माला मन्त्र जप करे।

मन्त्र

ॐ नमो कामदेव की दुलारी संसार की प्यारी सुन्दरता की रानी तेरे होठ रसीले आंखें कटोला चेहरे पर देवता मोहित हों मेरा भी कारज ऐसो ही करे जो न करे तो कामदेव पर शिव को त्रिशूल पडे।

सर्वकामना सिद्धि प्रयोग


रविवार के दिन प्रातः स्नान कर भोजपत्र पर निम्न यन्त्र बना ले और बीच में अपना नाम लिख ले फिर इसके ऊपर हाथी के नाखून का टुकड़ा रख दे और मूंगे की माला से पांच माला मन्त्र जप करे।

मन्त्र

ॐ नमः मणिभद्रे हुं।

मन्त्र जप के बाद वह हाथी का नाखून भोजपत्र में लपेटकर चांदी के ताबीज में भरकर बांह पर बांध दे तो उसकी समस्त मनोकामना पूरी होती है, और जहां भी जाता है, उसे सफलता मिलती है।

यन्त्र



वस्तुतः यह प्रयोग आश्चर्यजनक सिद्धिदायक है, और एक दिन का प्रयोग है

ग्यारह माला मन्त्र जप के बाद थोड़ा सा पानी उस सामने वाले पात्र पर डाल दे और 'मदकुंभ यंत्र' उठाकर उस केशर से अंकित यन्त्र को पानी में घोल दे और वह पानी पी ले, इस प्रकार ग्यारह दिन करे, ग्यारह दिन के बाद वह मदकुंभ यन्त्र गले में धागे में पिरोकर पहन ले तो उसका प्रयोग सफल होता है, और उसका चेहरा भोलापन लिए हुए अत्यधिक आकर्षक और सुन्दर बन जाता है।


४– सागर की तरह उमड़ता हुआ वक्ष स्थल प्राप्ति के लिए सागर प्रयोग

युवती के शरीर का सबसे ज्यादा प्रभाव यौवन दीप्त कामोत्तेजक वक्ष स्थल का ही पड़ता है, यदि शरीर में बाकी सौन्दर्य के सभी गुण हो परन्तु पुष्ट और आकर्षक वक्ष स्थल नहीं हो तो सारा सौन्दर्य धरा का धरा रह जाता है, इसके लिए अन्य उपकरण लगा देने से स्वाभाविकता नहीं आती।

एक योगी से मुझे इस सम्बन्ध में अद्वितीय प्रयोग हाथ लगा था, जिसको सैकड़ों जगह आजमाया है, और हर बार यह प्रयोग कसौटी पर खरा उतरा है, इस प्रयोग से जहां छोटे और दुर्लभ वक्ष स्थल पुष्ट और आकर्षक बन जाते हैं, वहीं यदि वक्ष पर जरूरत से ज्यादा मांस हो तो वह दूर हो जाता है, यदि उनमें ढीलापन अथवा अनाकर्षकता आ गई हो तो वह भी दूर होकर सुन्दर सुडौल आकर्षक बन जाते हैं, वास्तव में ही इस प्रयोग की जितनी तारीफ की जाय उतनी कम है।

यह प्रयोग शुक्रवार से प्रारम्भ किया जाना चाहिए, सुबह स्नान कर बालों को धोकर फैला दे और फिर गुलाबी रंग के आसन पर गुलाबी साड़ी पहन कर बैठ जाय सामने भोजपत्र पर केशर से निम्न 'सागर यंत्र' बनाये

यन्त्र



फिर इस यन्त्र को किसी पात्र में रख दे, और सामने 'कामोदीप्त गुटिका' स्थापित कर दे, उस गुटिका पर भी काफी केशर लगावे और फिर सौन्दर्य माला से निम्न मन्त्र की पांच माला मन्त्र जप करे, सौन्दर्य माला में प्रत्येक मनका विशेष मन्त्र से सिद्ध होता है, दिन भर वह माला गले में पहने रहे, यह ग्यारह दिन का प्रयोग है, और ऐसा नित्य किया जाना चाहिए।

मन्त्र जप समाप्ति के बाद पात्र में ही भोजपत्र पर पानी डालकर उस भोजपत्र को धो ले और वह पानी पी ले तथा कामोदीप्त गुटिका पर जो केशर लगाई हुई है

आकस्मिक धन प्राप्ति या लौटरी प्राप्ति का प्रयोग

एकाक्षी नारियल जो कि लक्ष्मी मन्त्र से आपूरित हो उस पर चांदी का बरक लगावे और केशर से निम्न मन्त्र लिखे।

मन्त्र

ॐ श्रीं क्लीं श्रीं देवत्यै नमः कुरु कुरु ऋद्धि वृद्धि स्वाहा।

फिर स्फटिक माला से पांच माला मन्त्र जप करे और दूसरे किसी नारियल को तोड़कर उसकी गिरी से ही १०८ आहुतियां दे, फिर उस एकाक्षी नारियल को भण्डार की पेटी में रखे तो निश्चय ही धन प्राप्ति होती है, और लौटरी प्राप्त होने का योग बनता है।

उसे भिगोकर दोनों हाथों से दोनों स्तनों पर मल ले।

साधना काल में दूध का सेवन ज्यादा करे, यदि ऐसा प्रयोग किया जाय तो निश्चय ही उसे अद्वितीय सफलता प्राप्त होती है, ऐसा प्रयोग हर तीसरे वर्ष करना चाहिए, ग्यारह दिन का प्रयोग समाप्त होने पर वह कामोदीप्त गुटिका जड़वाकर गले में पहन लेनी चाहिए।

वस्तुतः यह प्रयोग अद्वितीय और निश्चित प्रभाव युक्त है।

मन्त्र

ॐ नमो नमो आदेश को गुरु रति को उर्वशी को रम्भा को,मेनका को सातों सुन्दरता को सातों यौवन को मेरे शरीर में अनंग बैठे गजकुंभ करे जो न करे तो प्राण प्यारी रति को मरी देखे।


५- पतली कमर और भारी नितम्ब के लिए

पुष्ट और भारी नितम्ब हमेशा से पुरुषों के आकर्षण का केन्द्र रहे हैं, पर साथ ही साथ कमर पतली और मुट्ठी में आने लायक हो।

इसके लिए शुक्रवार से निम्न प्रयोग सम्पन्न करे, सामने किसी बर्तन में केशर से निम्न यन्त्र बना ले।

गड़ा हुआ धन प्राप्त होने का प्रयोग

यदि घर में धन गड़ा हुआ हो और उसका पता नहीं चल रहा हो तो यह प्रयोग महत्त्वपूर्ण है, रविवार के दिन प्रातः स्नान कर भोजपत्र पर इस यन्त्र को बना ले और इसके मध्य में मूंगा रत्न गोंद से चिपका ले।



फिर स्फटिक माला से २१ माला मन्त्र जप करे।

मन्त्र


ॐ ह्रीं श्रीं क्लीं एकाक्षर भगवते विश्व रूपाय सर्व योगेश्वराय त्रैलोक्यनाथाय सर्व काम प्रदाय नमः।

फिर रात्रि को सोते समय तकिये के नीचे वह माला और यन्त्र रख दे तो स्वप्न में उसे गड़े हुए धन के स्थान का पता चल जाता है, और स्वप्न में संकेत भी मिल जाता है कि इस स्थान को कितना खोदने पर किस प्रकार से वह धन प्राप्त किया जा सकता है।

मूंगा रत्न लक्ष्मी प्रदायक मन्त्र से सिद्ध हो।

वस्तुतः यह प्रयोग आजमाया हुआ है, और इससे निश्चय ही सफलता प्राप्त होती है।

यन्त्र



फिर स्फटिक माला से निम्न मन्त्र का तीन माला मन्त्र जप करे ।

मन्त्र

ॐ परी परी आकाश में उड़े धरती की खदर रखे कामदेव को मोहित करे ऐसा ही रूप मुझे दे जो न दे तो रुद्र का कोप पड़े अनंग की आरण रति की सौगन्ध ।

फिर उस पात्र में पानी डालकर यन्त्र मिटा दे और पानी पी ले, इस प्रकार ग्यारह दिन तक करे तो निश्चय ही उसे मनोवांछित फल प्राप्त हो जाता है ।


६— पूरा शरीर सांचे में ढ़ला हुआ सा होने का रति राज प्रयोग

यह प्रयोग सबसे ज्यादा महत्वपूर्ण और करने योग्य है, इससे पूरा शरीर एक अजीब से आकर्षण से युक्त हो जाता है, पूरा शरीर एक आनुपातिक सांचे में ढ़ल जाता है, दक्ष स्थल का सौन्दर्य बढ़ जाता हैं, उसकी चाल में अल्हड़पन और आंखों में सरूर पैदा हो जाता है, उसको देखकर कठोर से कठोर हृदय वाला व्यक्ति भी पानी पानी हो जाता है ।

यह प्रयोग मैंने सैकड़ों बार आजमाया हैं, और इसको मैंने प्रामाणिकता के साथ सफल होते देखा है, इससे बाल लम्बे, काले और घने हो जाते हैं ।

शुक्रवार को प्रातः स्नान कर गुलाबी रंग की साड़ी पहन कर गुलाबी आसन पर बैठ जाय और सामने भोज पत्र पर केशर से निम्न यन्त्र को अंकित कर ले, यह अंकन चांदी की सलाका से होना चाहिए ।

यन्त्र



फिर यन्त्र के सामने दो 'रति गुटिकाएं' तथा दो 'कामदेव गुटिका' रख दे, उनका पूजन करे, केशर लगावे तथा "सौन्दर्य माला" से निम्न माला मन्त्र जप करे,

मन्त्र

नमो नमो अनंग को रति को बावन परियों को चौसठ गधर्वो को सुलेमान शाह को कह्यो करे मेरे पिण्ड में वास करे और ऐसो रूप यौवन दे कि दुनियां पागल बने जो न करे तो शिव को त्रिशूल हनुमान की गदा इन्द्र को वज्र निरधार पड़े ।

यह २१ दिन का प्रयोग है, एक समय भोजन करे, और कानों में इत्र लगावे प्रयोग पूरा होने पर थाली में रखे दोनों रतिराज गुटिकाएं तथा कामदेव गुटिकाएं कमर पर बांध दे तो उसका सौन्दर्य हजार गुना बढ़ जाता है उसकी गणना श्रेष्ठतम सुन्दरियों में होने लग जाती है, ये गुटिकाएं मन्त्र सिद्ध होनी चाहिए ।

वस्तुतः साबर मन्त्र और प्रयोग अद्वितीय हैं और ये सारे प्रयोग आज तक गोपनीय रहे हैं, पूज्य गुरुदेव का मैं शिष्य हूँ और इस बात का मुझे फक्र है, उनके आदेश से ही मैंने इन गुप्त प्रयोगों को पाठकों के लिये प्रस्तुत किया है ।



बीमारियां आपकी : चिकित्सा साबर की

मानव का पहला कर्त्तव्य होता है कि वह अपने शरीर को स्वस्थ और तन्दुरस्त रखे, उसका सारा प्रयत्न यही होता है। यदि तबियत ठीक है, तो उसे खान-पान रहन-सहन, मौज-शौक सब अच्छे लगते हैं,परन्तु बीमारी होने पर चाहे उसके पास करोड़ों रुपये हों तब भी बेकार हो जाते हैं, और उसका आनन्द वह नहीं उठा सकता।

आयुर्वेद के माध्यम से तो असाध्य बीमारियों की चिकित्सा होती ही है, परन्तु इस क्षेत्र में साबर साधनाओं के माध्यम से भी बीमारियां दूर हो जाती है, और व्यक्ति पूर्णत: स्वस्थ हो जाता है।

मैं अपने क्षेत्र का प्रसिद्ध वैद्य रहा हूँ, सन्यासी तो बाद में बना, परन्तु मेरा सारा जीवन लोगों के रोग, दु:ख दूर करने और उन्हें निरोग करने में ही व्यतीत हुआ है, मैंने यह अनुभव किया है, कि जो बीमारियां आयुर्वेद के माध्यम से ठीक नहीं हो सकती वे भी साबर मन्त्रों के माध्यम से ठीक हो जाती है, और इसका फल तुरन्त प्राप्त होता है, भारतीय ही नहीं अपितु विदेशी डाक्टर भी साबर मन्त्रों के ऐसे अलौकिक प्रभाव को देखकर दंग रह गये हैं, और वे भी अब अपनी चिकित्सा में साबर मन्त्रों का प्रयोग करने लगे हैं।

आगे के पृष्ठों में मैं कुछ विशेष बीमारियां और उनसे सम्बन्धित साबर प्रयोग दे रहा हूँ, जो कि परीक्षित हैं, प्रामाणिक है, और शीघ्र निरोग करने की सामर्थ्य रखते हैं।

उदर रोग

कई कारणों से उदर रोग हो जाते हैं, थोड़े बहुत रूप में बराबर दर्द बना ही रहता है, पेट में जलन भोजन न पचना, रह रह कर दर्द उठना पेट में शूल होना, किसी विशेष भाग पर पेट में दर्द बना रहना, आंखों में तकलीफ होना, आंतों में घाव हो जाना, अतिसार आदि रोगों के लिए यह प्रयोग श्रेष्ठतम है, और इस प्रयोग से निश्चित ही रोगी को लाभ होता है।

किसी रविवार के दिन रोगी स्वयं या कोई व्यक्ति स्नान कर शुद्ध वस्त्र धारण कर उत्तर दिशा की ओर मुंह कर बैठ जाय और सामने तेल का दीपक लगावे, फिर ताम्बे के पात्र में 'रोग मुक्ति यन्त्र' रख दे, जो कि मन्त्र सिद्ध हो और उस पर केशर का तिलक करे, तथा हाथ में जल लेकर कहे कि मैं अमुक व्यक्ति के अमुक रोग को दूर करने के लिए यह साबर प्रयोग कर रहा हूं।

फिर हकीक माला से निम्न मन्त्र का जप तीन माला करे।

मन्त्र

ॐ मुं मुकटेश्वरी देवी आवे उदर रोग मिटावे अमुक को ठीक करे जो न करे तो महावीर की दुहाई शब्द साचा पिण्ड काचा फुरो मन्त्र ईश्वरो वाचा।

उस यन्त्र पर जो जल चढ़ाया जाय उसमें से तीन

चम्मच रोगी को पिला दे, और बाकी जल में कपड़ा भिगोकर रोगी के पेट पर फेर दे, इस प्रकार ग्यारह दिन तक करे।

ग्यारह दिन के बाद वह यन्त्र धागे में पिरोकर रोगी के कमर में बांध दे तो निश्चय ही रोगी किसी भी प्रकार के उदर रोग से मुक्त हो जाता है, और पूर्ण स्वास्थ्य लाभ करता है।

२- चर्म रोग और रक्त रोग

यदि किसी भी प्रकार का चर्म रोग हो, त्वचा पर सफेद या लाल दाग बनने लग गये हों, चमड़ी पर चकत्ती होने लग गई हो या त्वचा बदरंग हो रही हो, अथवा शरीर पर दाद, खाज, खुजली आदि हो या शरीर में रक्त की न्यूनता हो यह प्रयोग तुरन्त सिद्धिदायक है, और इससे निश्चित रूप से पूर्ण चर्म रोग मिट जाते है।

शुक्रवार के दिन नौ पीपल के पत्ते लाकर एक थाली में सजा दे और प्रत्येक पीपल के पत्ते पर नर्मदेश्वर शिवलिंग रख दे,जो मन्त्र सिद्ध प्राणप्रतिष्ठा युक्त हों पात्र के बाहर नौ दिये लगा ले और फिर रुद्राक्ष माला से निम्न मन्त्र की तीन माला मन्त्र जप रोगी या कोई व्यक्ति करे।

मन्त्र

ॐ नमो आदेश गुरु को त्रिलोचन देवी को अंजनी को महासाबरी को अमुक रोगी को ठीक करे चर्म रोग मिटावे रक्त शुद्ध करे जो न करे तो भगवती चिन्तामणि को त्रिशूल खावे।

प्रत्येक माला की मन्त्र जप समाप्ति पर नौ नर्मदेश्वर पर जल चढ़ावे, जब तीन माला मन्त्र जप हो जाय तो पीपल के पत्ते तथा नर्मदेश्वर पात्र से अलग रख दे, तथा उस जल में से कुछ तो रोगी को पिला दे, और कुछ उसके सारे शरीर पर लगा दे, ऐसा नौ दिन करे, पीपल के पत्ते रोज बदलने आवश्यक है।

प्रयोग समाप्ति के बाद नर्मदेश्वर घर के किसी शुद्ध स्थान पर स्थापित कर दे तो नौ दिन के भीतर-भीतर रोगी को स्वास्थ्य लाभ हो जाता है, और वह अनुकूलता अनुभव करता है।

यह प्रयोग परीक्षित है, और इससे रोगी को विशेष आराम प्राप्त होता हैं, मन्त्र जप समाप्ति के बाद वह रोगी रुद्राक्ष माला गले में धारण किये रहे।

३- पुरुष जननेन्द्रिय सम्बन्धी रोग

इसमें पुरुष का नामर्द होना जननेन्द्रिय में शिथिलता रहना, कामोत्तेजना न होना, जल्दी स्खलित हो जाना, स्तम्भन न रहना, वीर्य का पतला या दुर्गन्धपूर्ण होना, मूत्राशय में पथरी होना आदि जननेन्द्रिय से सम्बन्धित समस्त रोगों के लिए यह प्रयोग पूर्ण प्रभाव युक्त है।

किसी भी शुक्रवार के दिन स्नान कर शुद्ध वस्त्र धारण कर उत्तर दिशा की ओर मुंह कर बैठ जाय और सामने पांच गुलाब के पुष्प रख दे, प्रत्येक पर "कामदेव हेत्वा" स्थापित करे, उन पर केशर लगावे और पूजन करे, फिर स्फटिक माला से निम्न मन्त्र जप करे।

मन्त्र

ॐ नमो नमो पशुपतये कामदेवाय विहर विहर सर सर नृत्य नृत्य चल चल वल वल महलाय प्रवेशय प्रवेशय फट्।

इसमें नित्य तीन माला मन्त्र जप आवश्यक है, और प्रत्येक माला के बाद उन कामदेव हेत्वा पर जल चढ़ावे, मन्त्र जप के बाद उस जल में से कुछ भाग पी ले और कुछ भाग पुरुषेन्द्रिय पर लगा दे, इस प्रकार ग्यारह दिन प्रयोग करे, गुलाब के पुष्पों को किसी पवित्र स्थान पर डाल दे।

ग्यारह दिन प्रयोग करने के बाद वे पांचों कामदेव हेत्वा एक तावीज में भरकर कमर में बांध दे तो निश्चय

ही वह व्यक्ति सम्बन्धित बीमारियों से मुक्त हो जाता है, और काम कला में पूर्ण सक्षम होकर सफलता प्राप्त करता है, उसका आगे का जीवन पूरी तरह से आनन्द मय बन जाता है।

४— स्त्री रोग

स्त्रियों को कई प्रकार के रोग हो जाते हैं, जिनमें प्रदर, सफेद पानी आना, कमर में दर्द, सूतिका रोग, हिस्टीरिया, गर्भ स्थिर न रहना, रक्त प्रदर, शरीर में दर्द बना रहना, गर्भाशय में सूजन, गर्भाशय का मुंह संकीर्ण या बन्द होना आदि रोगों के लिये यह प्रयोग महत्वपूर्ण है।

शुक्रवार को स्त्री स्वयं स्नान कर अपने बाल धो ले और गुलाबी आसन पर गुलाबी साड़ी पहन कर उत्तर दिशा की ओर मुंह कर बैठ जाय, सामने सात गुलाब के पुष्प रख दे और प्रत्येक गुलाब के पुष्प पर "रति गुटिका" स्थापित करे, इस प्रकार सात 'रति-गुटिकाएं' रखें, फिर उस पर केशर का तिलक करे, और हाथ में जल लेकर कहे कि मेरे शरीर के सभी रोग दूर हों।

फिर सामने अगरबत्ती व घी का दीपक लगाकर स्फटिक माला से निम्न मन्त्र की तीन माला मन्त्र जप करे।

मन्त्र

ॐ नमो कंदर्प सर विजलिनी सर्व रोग समन करी स्वाहा।

प्रत्येक माला के बाद उन 'रति गुटिकाओं' पर जल चढ़ावे, माला मन्त्र जप के बाद गुलाब के पुष्प की पंखुड़ियां खा ले और पानी पी ले, 'रति गुटिकाएं' अलग रखकर उस जल का कुछ भाग पी ले तथा कुछ भाग कमर के हिस्से पर लगा दे, इस प्रकार सात दिन करे।

आठवें दिन वे 'रति गुटिकाएं' किसी ताबीज में रख-कर वह ताबीज कमर में बांध दे तो समस्त प्रकार के स्त्री रोगों से छुटकारा मिल जाता है, और जब तक वह यन्त्र पहना हुआ होता है, तब तक ये रोग पुनः व्याप्त नहीं होते।

५— नेत्र रोग

आंखों का कमजोर होना, आंखें लाल रहना, आंखों में खुजली होना, आंखों की पुतली पर काला या सफेद धब्बा बनना, रतौंधी होना कम दिखाई पड़ना या किसी भी प्रकार की नेत्रों की बीमारी केलिए यह प्रयोग विशेष अनुकूल है।

किसी भी रविवार से यह प्रयोग प्रारम्भ किया जाना चाहिए, किसी चादी या स्टील के प्लेट में केशर से निम्न यन्त्र बनावे।

यन्त्र

०	०	०	०
०	०	०	०
०	०	०	०

फिर इस यन्त्र पर 'दिव्य यन्त्र' स्थापित कर दे और केशर से पूजन करे, फिर स्फटिक माला से निम्न मन्त्र जप करते समय घी का दीपक लगाया रखे, सफेद आसन पर सफेद धोती पहिन कर उत्तर दिशा की ओर मुंह कर बैठे।

मन्त्र

ॐ नमो नमो दिव्याय मरकेतवे पुष्प धन्वे सकल सुरासुर नेत्राय सुख प्रदाय स्वाहा।

इस प्रकार नित्य तीन माला मन्त्र जप करे, प्रत्येक माला पूरी होने पर उस यन्त्र पर जल चढ़ावे, तीन माला पूरी होने पर वह दिव्य यन्त्र अलग कर दे और

प्लेट में जो केशर से यन्त्र बना है वह हाथ की अंगुली से पानी में घोल दे और वह पानी दोनों आंखों पर लगाये और फिर आंख पर पट्टी बांधकर दस मिनट के लिए सो जाय ।

इस प्रकार ग्यारह दिन तक करे, ग्यारहवें दिन के बाद वह 'दिव्य यन्त्र' तावीज में भरकर गले में धारण कर ले तो नेत्र रोग हमेशा के लिए मिट जाते हैं और उसकी आंखें बराबर स्वस्थ बनी रहती है ।

यह प्रयोग आजमाया हुआ है और सिद्ध है ।

६- बाल रोग

बालकों को बचपन में कई प्रकार के रोग हो जाते हैं जिनमें सूखा रोग अर्थात् शरीर सूखता जाना, बालक के पेट में कीड़े पड़ जाना, शरीर में कमजोरी होना दुबलापन, पेट फूल जाना, हाथ पर कमजोर होना, और अन्य बाल रोगों से सम्बन्धित बीमारियों को दूर करने के लिए यह प्रयोग विशेष महत्वपूर्ण है और इसका प्रयोग अवश्य ही करना चाहिए ।

सोमवार के दिन बच्चे की मां या बच्चे का पिता पात्र में 'शिशु रोग निवारण' यन्त्र रख दे और उस पर एक गुलाब का पुष्प रख कर जल चढ़ाये फिर मूंगे की माला से निम्न मन्त्र की तीन माला मन्त्र जप करे, ।

मन्त्र

ॐ नमो भगवती वज्र श्रृंखले रोग भक्षतु स्वादतु सर्व उपद्रव रक्षतु नमः ।

इस प्रकार नित्य तीन माला जप करे, मन्त्र जप के बाद गुलाब का पुष्प बच्चे को खिला दे या पानी में घोल कर पिला दे, इस प्रकार तीन दिन करे, तीन दिन के बाद वह शिशु रोग निवारण यन्त्र काले धागे में पिरोकर बालक के गले में बांध दे तो निश्चय ही उस बालक के समस्त रोग दूर हो जाते हैं और वह पूर्ण स्वास्थ्य लाभ करने लग जाता है ।

यह प्रयोग आजमाया हुआ है और प्रत्येक मां को चाहिए कि ऐसा प्रयोग अपने बालक की शुभता के लिए सम्पन्न करे ।

७- खांसी और दमा

चाहे कितना ही पुराना दमा या खांसी हो, और ठीक नहीं हो रही हो तो यह प्रयोग उनके लिए संजीवनी की तरह है ।

रविवार के दिन से यह प्रयोग प्रारम्भ करे, उत्तर दिशा की ओर मुंह कर सफेद आसन पर बैठकर सामने किसी पात्र में नागरवेल का एक खाली पत्ता रख दे और उस पर फिटकरी का चुटकी भर पाउडर रख दे, फिर उस पर दक्षिणावर्ती शंख रख दे जो मात्र अंगूठे के आकार का हो और उसके सामने किसी भी माला से तीन माला मन्त्र जप करे ।

मन्त्र

ॐ ह्रीं श्रीं द्रां द्रीं जं जं कामेश्वरी बाण देवतै नमः

तीन माला मन्त्र जप के बाद वह शंख अलग रख दे और वह पान तथा उस पर जो फिटकरी का पाउडर रखा हुआ है वह रोगी मुंह में रख ले तथा उसकी लार निगलता रहे, बाहर नहीं थूके ।

यह नौ दिन का प्रयोग है, दसवें दिन वह दक्षिणावर्ती शंख लोहे के पात्र पर रखकर नीचे आंच देकर जला दे और उसकी राख को शीशी में भर-कर रख दे, फिर नित्य नागरवेल के पान पर दो चुटकी फिटकरी का पाउडर तथा एक चुटकी वह राख लेकर मुंह में रखे और उसकी लार निगले, तो कुछ ही दिनों में दमा रोग हमेशा के लिए मिट जाता है खांसी भी समाप्त हो जाती है ।



साबर साधना एवम् सिद्धियां

साबर साधनाएं कलियुग में शीघ्र निश्चित एवं पूर्ण प्रभावयुक्त है, इस युग में कोई अभागा ही होगा जो अपनी समस्याओं को सुलझाने में साबर साधनाओं का सहारा न लेता हो।

साबर साधनाओं में सफलता का मूल आधार प्रामाणिक सामग्री एवं सही मन्त्र जप है, सामग्री सिद्ध प्रामाणिक मन्त्र युक्त हो तभी उसका प्रभाव होता है।

पाठकों एवं साधकों की सुविधा के लिए हमने ऐसा ही किया है, जिससे कि सभी साधकों को एक ही स्थान पर मन्त्र सिद्ध प्राण प्रतिष्ठा युक्त प्रामाणिक सामग्री प्राप्त हो सके, यद्यपि मन्त्र सिद्ध प्राणप्रतिष्ठा युक्त करने मे कुछ अतिरिक्त व्यय अवश्य जाता है, परन्तु उससे उसकी विश्वसनीयता प्रामाणिकता और प्रभावोत्पादकता में कई गुना वृद्धि हो जाती है, नीचे जिस पृष्ठ पर जिस सामग्री का विवरण है, उसी को आधार बनाकर जानकारी प्रस्तुत की जा रही है।

क्र.सं.	सामग्री का नाम	पृष्ठ सं०	मूल्य
१-	काला ऊनी आसन	२२	१५०)
२-	कुंकुम (१०० ग्राम)	२२	५)
३-	हत्था जोड़ी	२२	४५०)
४-	हकीक माला	२२	१८०)
५-	काली धोती	२२	१२०)
६-	सूअर का दांत (एक नग)	२२	११०)
७-	लघु नारियल (एक नग)	२२	३०)
८-	सुपारी (सात नग)	२३	३०)
९-	मूंगे की माला	२३	१८०)
१०-	हकीक माला या हकीक पत्थर (एक नग)	२४	१२)
११-	लाल सूती आसन	२५	८०)
१२-	लाल धोती	२५	१२०)
१३-	सियार सिंगी	२५	४५०)

गुरु–स्तुति



अब सौंप दिया इस जीवन का सब भार तुम्हारे हाथों में ।
है जीत तुम्हारे हाथों में, और हार तुम्हारे हाथों में ।। अब सौंप दिया....

मेरा निश्चय है बस एक यही, इक बार तुम्हें पा जाऊं मैं ।
अर्पण कर दूं दुनिया भर का, सब प्यार तुम्हारे हाथों में ।। अब सौंप....

जो जग में रहूं तो ऐसे रहूं ज्यों जल में कमल का फूल रहे ।
मेरे सब गुण दोष समर्पित हों, भगवान तुम्हारे हाथों में ।। अब सौंप....

यदि मानव का मुझे जन्म मिले, तो तव चरणों का पुजारी बनूं ।
इस पूजक की इक-इक रग का, हो तार तुम्हारे हाथों में ।। अब सौंप....

जब-जब संसार का कैदी बनूं, निष्काम भाव से कर्म करूं ।
फिर अन्त समय में प्राण तजूं साकार तुम्हारे हाथों में ।। अब सौंप....

मुझमें तुझमें बस भेद यही, मैं नर हूं तुम नारायण हो ।
मैं हूं संसार के हाथों में संसार तुम्हारे हाथों में ।। अब सौंप दिया....



कायाकल्प सिद्धि मन्त्र

ॐ ह्रीं ऐं वं द्रौं श्रीं ह्लीं सर्व देह साधय शुद्धय कल्पय ह्रीं ऐं ॐ नमः ।



ऊर्ध्वगामी प्रकाश पुंज मन्त्र

ॐ ब्रं ब्रह्माण्डं गमय ऊर्ध्व देह साधय साधय ह्रीं वं फट् ।।

आप किसी व्यक्ति को पत्रिका सदस्य बना कर सदस्यता शुल्क प्राप्त कर लें और हम आपको वी.पी. से यह गुटिका भेज देंगे जिससे कि आपको सर्वथा उपहार रूप में गुटिका प्राप्त हो जायेगी और जिनको आप पत्रिका सदस्य बनायेंगे उनको हम पूरे वर्ष भर पत्रिका नियमित रूप से भेजते रहेंगे ।

देह सिद्धि गुटिका प्रपत्र

मैं पत्रिका सदस्य हूँ आप मुझे ९६)रु. पत्रिका शुल्क तथा ९) रु. वी.पी. खर्च लगाकर यह गुटिका निम्न पते पर मुझे भेज दें । वी.पी. प्राप्त होने पर मैं पोस्टमेन को धनराशि दे कर वी.पी. छुड़ा लूंगा ।

पत्रिका सदस्यता संख्या.....................

मेरा नाम..

मेरा पूरा पता..

....

वी.पी. छूटने पर आप मेरे निम्न मित्र या परिचित को पूरे वर्ष भर पत्रिका भेजते रहें-

मेरे मित्र का नाम ....

मेरे मित्र का पूरा पता ....

....

नोट:- यह सुविधा पत्रिका प्राप्ति के बाद एक महीने तक ही उपलब्ध होगी ।

इसे केवल पत्रिका सदस्य ही प्राप्त कर सकेंगे । 卐

आरती

जय सन्यासी अग्रणी जय शान्तं रूपं ॥१॥
जय जय सन्यस्त्वं मा जय भगवद्द्वीपं ॥
ॐ जय जय जय निखिलं

हिमालये निवसति मुक्त त्वं प्रकृति त्वां मध्ये ।
विचरति गिरिवर गहने गह्वर सहि मुदिता ॥२॥
ॐ जय जय जय निखिलं ।

शान्तं वेशं भव्यं अद्वितीय रूपं ।
व्याघ्रं वज्र विहन्तु वक्षस्थल त्व त्वं ॥३॥
ॐ जय जय जय निखिलं ॥

वेद पुराण शास्त्रं ज्योतिष महि तत्वं ।
मंत्र तंत्र उद्धारय साध्यं सहि सहितं ॥४॥
ॐ जय जय जय निखिलं ।

ऋपि दिव्यं देह भस्म रुद्राक्ष सहितं ।
विचरति निशिदिन प्राप्तं धन्य महि युक्तं ॥५॥
ॐ जय जय जय निखिलं

सिद्धाश्रम स प्राणं मंत्र सृष्टस्वं ।
लक्ष लक्ष निहारत अद्वय अवियुक्तं ॥६॥
ॐ जय जय जय निखिलं

भव्य विशालं नेत्रं भाल तेजस्वं ।
लक्षं शिष्यं ध्यावति निखिलेश्वर गुरुवम् ॥७॥
ॐ जय जय जय निखिलं ॥

संगीत युक्तं आरार्तिक यः पठत यदि श्रणु तं ।
गुरु मोद वर प्राप्तुं शिष्यत्व पूर्णं ॥८॥
ॐ जय जय जय निखिलं

व्यक्ति के शरीर में कुछ ऐसा आकर्षण उत्पन्न हो जाता है, कि लोग पुरुष या स्त्री उससे आकर्षित होते हैं और एक प्रकार से उन पर सम्मोहन सा छा जाता है।

रस कंकाली ग्रन्थ में इस गुटिका के बारे में कहा गया है, कि १२ घंटे तक इस गुटिका को शक्कर में रख कर गुटिका को हटा दें और वह शक्कर दूध या चाय में मिला कर जिस को भी पिलाई जाय, तो पीने वाला तुरन्त वश में हो जाता है और मन चाहा कार्य करने लग जाता है।

इसी ग्रन्थ में आगे बताया गया है कि यदि श्मशान का कोयला लाकर उसके साथ इस गुटिका को बांध दी जाय और पूरी रात यह गुटिका उस कोयले से बंधी रहे, दूसरे दिन प्रातः काल गुटिका को अपने स्थान पर रख दे और वह कोयला यदि शत्रु के घर में फेंक दिया जाय या उसके मकान पर कहीं गाड़ दिया जाय तो उसके घर में नित्य कलह होता रहता है और आर्थिक दृष्टि से धीरे-धीरे वह घर दरिद्री हो कर तबाह हो जाता है।

रस दर्पण में इस गुटिका के बारे में कहा गया है, कि यदि इस गुटिका को दुकान में किसी कपड़े में बांध कर लटका दिया जाय तो दुकान की बिक्री आश्चर्यजनक रूप से बढ़ जाती है, और इस प्रकार लगातार लक्ष्मी आती ही रहती है।

एक अन्य ग्रन्थ में इस गुटिका के बारे में बताया है, कि किसी तांबे के गिलास में इस गुटिका को रख दिया जाय, और उस गिलास में पानी भर दिया जाय सुबह उठने पर गिलास में से गुटिका को तो बाहर निकाल दिया जाय और वह पानी यदि रोगियों को पिलाया जाय तो उनके रोग समाप्त हो जाते है। यदि किसी को भूत प्रेत लगा हो, और उसे इस जल को पिलाया जाय तो शरीर स्थित भूत प्रेतों का उपद्रव समाप्त हो जाता है, यदि इस प्रकार के जल को घर में छिड़का जाय तो घर में किसी ने यदि कोई क्रिया या तांत्रिक प्रयोग सम्पन्न करवाया हो तो वह तांत्रिक प्रयोग समाप्त हो जाता है।



नागार्जुन ने स्वयं इस प्रकार की गुटिका की अत्यन्त प्रशंसा की है और कहा है कि यह तो अपने आप में एक सम्पूर्ण रत्न है, जिसे घर में रखने से ही आर्थिक उन्नति होती रहती है, जीवन में किसी प्रकार की बाधा या अड़चन नहीं आती, क्योंकि इस गुटिका के १०८ प्रयोग हैं, यदि गुटिका घर में है तो कभी भी इसका उपयोग हो सकता है।

उपहार

मेरा पिछला कई वर्षों का यह अनुभव है, कि इस प्रकार की 'दिव्य गुटिका' को प्राप्त करने के लिए बहुत अधिक दबाव पड़ता है। रस सिद्ध आचार्यों ने कहा है कि इस गुटिका की बिक्री नहीं की जानी चाहिए, नित्य गुटिका से संबंधित मंत्र जप होना चाहिए और पूर्ण श्रद्धा के साथ गुटिका का उपयोग करना चाहिए तभी इसका फल प्राप्त हो पाता है, इसलिए केवल भारत में रहने वाले पत्रिका पाठकों को केवल एक पत्रिका सदस्य बनाने पर यह गुटिका उपहार स्वरूप प्रदान की जा सकती है।

नागार्जुन ने स्वयं इस प्रकार की गुटिका की अत्यन्त प्रशंसा की है और कहा है कि यह तो अपने आप में एक सम्पूर्ण रत्न है, जिसे घर में रखने से ही आर्थिक उन्नति होती रहती है, जीवन में किसी प्रकार की बाधा या अड़चन नहीं आती, क्योंकि इस गुटिका के १०८ प्रयोग है, यदि गुटिका घर में है तो कभी भी इसका उपयोग हो सकता है।

द्वारा व्यक्ति पर्वथा सुरक्षित रहता है और यदि यह मणि जेब में रहती है, तो आने वाले खतरे का पूर्वानुमान लग जाता है, इसी ग्रन्थ में यह भी बताया है, कि इस मणि को अपने सिरहाने रख कर रात्रि को सो जाय और सोने से पूर्व प्रश्न जानना चाहे, तो उस प्रश्न का उत्तर मिल जाता है. परन्तु ये क्रियाएं सम्पन्न करने से पूर्व इस मणि को अपनी दाहिनी हथेली में रख कर पूर्ण श्रद्धापूर्वक एक बार माला मंत्र जप कर देना चाहिए , जिससे कि यह मणि संबधित स.धक के लिए सिद्ध हो ज य । वह मंत्र इस प्रकार है–

ॐ ह्रीं हूं फट् चक्रेश्वरी.परत पादुका साधनं
स्वर्ण देहि वज्र दे.हे फट्

यह मंत्र जप किसी भी माला के द्वारा सम्पन्न किया जा सकता है।

जैसा कि मैंने ऊपर बताया है कि इस रस मणि से १०८ प्रकार के लाभ उठाये जा सकते है। जिनमें से कुछ उदाहरण इस प्रकार है–

१- इसके पास में रहने से व्यक्ति सुरक्षित रहता है और आने वाले खतरे का आभास पहले से ही हो जाता है। २– इस गुटिका को मंत्र सिद्ध कर यदि कोई प्रश्न या लाटरी का नम्बर अथवा कोई अन्य जानकारी साधक चाहे तो मंत्र का ११ बार उच्चारण कर इस सिद्ध गुटिका को सिरहाने रख कर सो जाय तो रात्रि में उसे उस प्रश्न का उत्तर मिल जाता है। ३- नागार्जुन के अनुसार यदि इस पारद गुटिका का कुछ भाग चील के अण्डों में रख दिया जाय और बाद में जब अण्डे फूटे तो उसमें से वह पारद निकाल लिया जाय, ऐसे पारद को मुंह में रखते ही आकाश गामिनी सिद्धि प्राप्त हो जाती है। ४- नाथपंथियों के अनुसार किसी भी अमावस्या की रात्रि को या ग्रहण काल में इस गुटिका को दाहिने हाथ में रख कर एक माला मंत्र जाप किया जाय तो निश्चय ही साधक का मन चाहा कार्य सम्पन्न हो जाता है। ५- महारसायन तंत्र में बताया गया है कि यदि इस गुटिका को गजपुट अग्नि दे कर सिद्ध किया जाय और फिर इस गुटिका को पैरों के नीचे तलहटी पर रगडा जाय तो वह व्यक्ति जलगमन प्रक्रिया सिद्ध कर लेता है और वह पानी पर उसी प्रकार चल सकता है, जिस प्रकार आम आदमी जमीन पर चलता है। ६- इस गुटिका को पलास के कोयलों में रख कर जारण किया जाय तो इस गुटिका से जो श्वेत भस्म प्राप्त होगी, उस श्वेत भस्म को तांबे पर रखने से वह तांबा तुरन्त सोने में परिवर्तित हो जाता है। ७- मरल मातंगी ग्रन्थ के अनुसार यदि इसी गुटिका को ठंडे थूहर के दूध में घोट कर तैयार किया जाय और उस गुटिका को मुंह में रख दे तो व्यक्ति अदृश्य हो जाता है।

यों तो इस गुटिका के बारे में समस्त ग्रन्थों में बहुत कुछ लिखा गया है, जो कि इस छोटे से लेख में देना संभव नहीं है, परन्तु इसमें कोई दो राय नहीं, कि इसको शास्त्रों में "दिव्य गुटी" कहा है, यह गुटिका अगर अपने पास रखी जाय तो वह किसी पर भी वशीकरण क्रिया सम्पन्न कर सकता है, यदि यह गुटिका अपने जेब में रख कर किसी अधिकारी से मिले तो वह अधिकारी उसकी बात मान लेता है।

सम्मोहन और वशीकरण क्रिया में तो यह गुटिका अपने आप में अद्वितीय है। इस गुटिका के प्रभाव से

१५– रस विश्व दर्पण, १६- शिवागम १७- अगस्त्य संहिता, १८- रस रत्नाकर (नागार्जुन) १९- रसेन्द्र भैरव २०- रस सर्वेश्वर २१- धातु कल्प (रूद्रयामल) २२– रसोपनिषद् २३- रस संजीवनी २४- भैरव सिद्धि कल्प ।

इस के अलावा भी रस या पारद से संबंधित ग्रन्थ उपलब्ध है. आवश्यकता, जिज्ञासा और जीवट की है, और आवश्यकता इस बात की है कि इस मार्ग में आगे बढ़ने वाले व्यक्ति के हृदय में इस क्षेत्र में पूर्णता प्राप्त करने की भावना हो ।

ऊपर मैंने देह सिद्धि के बारे में संक्षिप्त वर्णन किया था, देह सिद्धि आज के युग में भी संभव है और नागार्जुन ने इसके बारे में स्पष्ट कहा है-

ससकः सर्वमोहघ्नः कफपित्तविनाशनः ।
नेत्ररोगक्षयघ्नश्च लोहपारदरञ्जनः ।।
नागार्जुनेन संदिष्टौरसश्च रसकावुभौ ।
श्रेष्ठो सिद्धरसौ स्यातौ देहलौहकरौ परम् ।।

अर्थात् पारे को अभ्रक चूर्ण में पका कर अम्ल में सूरण रस भावना दी जाय और फिर इसे खरल कर कोष्ठी यंत्र में अग्नि ताप दिया जाय, लगभग तीन घण्टे तक ऐसा करने पर पारद सूर्य के समान दिव्य और तेजस्वी हो जाता है. ऐसे पारद का नित्य चौथाई रत्ती सेवन किया जाय तो एक महीने में ही पूर्ण रूप से देह सिद्धि हो जाती हैं और उसका शरीर लोहें की तरह मजबूत सोने की तरह तेजस्वी और अपने आप में दिव्य आभायुक्त बन जाता है ।

उपरोक्त विधि अत्यन्त सरल है. और मेरी राय में यदि इस क्षेत्र में किसी को थोड़ा सा भी ज्ञान है, तो वह इसमें सफलता पा सकता है ।

आज मैं इस महत्वपूर्ण दिवस पर 'रस मणि' के बारे में जानकारी प्रस्तुत कर रहा हूँ, जो कि अपने आप में सर्वथा गोपनीय और महत्वपूर्ण रही है । नागार्जुन ने



इसको 'आकाश गामिनी गुटिका' कहा है. और इसके माध्यम से एक स्थान से दूसरे स्थान पर जाने की क्रिया सम्पन्न की है , यद्यपि यह आकाश गामनी क्रिया भी इस रस–मणि के माध्यम से ही सम्पन्न होती है ।

रस मणि

अंग्रेजी में इसको हाइड्रोलिक कहते है, अर्थात् 'पानी की मणि बनाना' यह रसायन विज्ञान के माध्यम से संभव है। यदि पारे को संस्कार से सिद्ध बना कर पक्व बीज में जारण किया जाय तो रस मणि तैयार हो जाती है । यह रस मणि अपने आप में अत्यन्त दिव्य और तेजस्वी होती है । इस मणि के माध्यम से १०८ प्रयोग सम्पन्न किये जाते है । देव रत्न में बताया गया है, कि इस मणि के



हमेशा हमेशा के लिए अपने वश में कर सकते है। पुत्री या पुत्र पर सम्मोहन क्रिया सम्पन्न कर उसके विचारों को अपने अनुकूल बना सकते है। पुत्र को व्यापार मार्ग पर लगा सकते है, या उसकी गलत प्रवृत्तियों पर अंकुश लगा सकते है। पत्नी के झगड़ालू स्वभाव को नियंत्रित कर उसे अपने अनुकूल बना सकते है। अपने अधिकारी को सम्मोहन भावना देकर इस योग्य बना सकते है कि वह स्वयं हमसे बात करने के लिए आतुर हो और हमारा कार्य करने में उसे प्रसन्नता अनुभव हो, यही नहीं अपितु इस सम्मोहन शक्ति के माध्यम से हम अच्छे वक्ता बन सकते है, समाज के लोगों पर अपना प्रभाव स्थापित कर सकते है, पार्टनर को अपने अनुकूल बना सकते है, और एक प्रकार से देखा जाय तो हम सभी परिचित लोगों के दिलों पर शासन कर सकते है।

और ऐसा होने पर हमारे जीवन का तनाव अपने आप समाप्त हो जायेगा, हमारे जीवन की बाधाएं और अड़चनें अपने आप दूर हो जायेगी, हम पहले की अपेक्षा

ज्यादा सुखी, ज्यादा सफल, और ज्यादा सम्पन्न हो सकेंगे।

कैसे खोलें द्वार सम्मोहन का

पिछले कुछ समय से सम्पूर्ण विश्व के वैज्ञानिक अपने शरीर स्थित सम्मोहन शक्ति को बढ़ावा देने के लिए प्रयत्नशील है। उन्होंने प्रयोगों के माध्यम से यह अनुभव किया है, कि यदि हम किसी भी युक्ति से अपने मन पर नियंत्रण स्थापित कर सके, और अपने शरीर स्थित सम्मोहन नामक इन्द्रिय को चेतना युक्त बना सके, तो हम स्वतः इस क्षेत्र में पूर्ण सफलता प्राप्त कर सकते हैं। इसके लिए कोई लम्बा चौड़ा परिश्रम करने की जरूरत नहीं है, हमारे शरीर मे सैकड़ों इन्द्रियां है कोई इन्द्रिय चेतना युक्त होने पर हम मुस्कराते है, दूसरे प्रकार की इन्द्रिय हमारे रोने में सहायक होती है, तीसरे प्रकार की इन्द्रिय विचारों पर नियंत्रण प्राप्त करती है, ठीक इसी प्रकार से पूरे शरीर को और विशेष कर हमारी आंखों को पूर्ण सम्मोहन शक्ति युक्त बनाने में सुषुम्ना नामक इन्द्रिय पूर्ण रूप से सहायक होती है, अधिकतर यह सुप्तावस्था में ही होती है, परन्तु यदि इसे जाग्रत और चैतन्य कर दिया जाय तो स्वतः ही सारा शरीर चेतना युक्त आकर्षण युक्त और सम्मोहन युक्त बन जाता है, ऐसे शरीर के लिए यह जरूरी नहीं है कि आप लम्बे चौडे डील डौल के हों, या आप मोटे ताजे हो, आवश्यकता इस बात की है, कि आपके शरीर के रोम रोम से सम्मोहन जाग्रत अवस्था में हो, आपकी आंखों में कुछ ऐसा, तेज, कुछ ऐसा आकर्षण और कुछ ऐसा प्रभाव हो, जो दूसरों को बरबस आपकी और आकृष्ट कर सके, आपके पास आने के लिए प्रेरित कर सके, और आपसे बातचीत करने में आपकी आज्ञा मानने में आपके अनुरूप बनने में वह अपने आपको गौरवान्वित अनुभव कर सके, और ऐसा हो सकता है, निश्चय ही ऐसा हो सकता है। पश्चिम के वैज्ञानिकों ने प्रयोगो द्वारा यह सिद्ध किया है, कि ऐसी शक्ति प्रत्येक स्त्री पुरुष में है, आवश्यकता उस शक्ति का उपयोग करने मे है।

और सुषुम्ना जाग्रत होते ही आपकी आंखों में सम्मोहन प्रभाव इतना तीव्र हो जाता है कि आप किसी को भी मात्र देखने से ही उसे अपने वश में कर सकते है और जीवन भर उसे अपने अनुकूल बनाये रख सकते है।

और सुषुम्ना को जाग्रत यों की जाती है

पश्चिम के वैज्ञानिक भी इस निर्णय पर पहुँचे है, कि सम्मोहन और आकर्षण प्रभाव उत्पन्न करने के लिए सुषुम्ना ग्रन्थि का जाग्रत होना आवश्यक है, और इसके लिए उन्होंने भी इस बात को स्वीकार किया है कि भारतीय पद्धति ज्यादा वैज्ञानिक, ज्यादा स्पष्ट और ज्यादा प्रामाणिक है। हरवर्ट विश्वविद्यालय में डा. कीथ ने बिजली के झटकों के द्वारा शरीर स्थित सुषुम्ना नाड़ी पर बिजली के झटके दिये गये, उन स्त्री पुरुषों के शरीर के आकर्षण में लगभग ३० प्रतिशत वृद्धि हुई, उनकी बातचीत में, उनकी आंखों में कुछ ऐसा सम्मोहन पैदा हुआ कि पहले की अपेक्षा ज्यादा लोग उन्हें चाहने लगे और वे अपने कार्य में तथा अपने व्यापार में ज्यादा सफल हुए।

पर इस युक्ति की न्यूनता यह है, कि महीने में या दो महीने में एक बार अवश्य ही सुषुम्ना नाड़ी पर बिजली के झटके लेने पड़ते है, जो कि ज्यादा उचित नहीं है, इससे धीरे धीरे सुषुम्ना नाड़ी स्वयं कमजोर होने लगती है और उसके कई गलत प्रभाव भी पैदा होने लगते है।

तिब्बत में विशेष सुइयों के माध्यम से भी सुषुम्ना नाड़ी को छेदा जाता है और उसको निरन्तर सक्रिय बनाये रखने के लिए एक पतला सा तार सुषुम्ना नाड़ी

पर पिरो दिया जाता है, परन्तु तिब्बत के योगियों ने ही अपनी इस पद्धति की अपेक्षा भारतीय पद्धति या भारतीय साधना को ज्यादा महत्व दिया है।

क्या है भारतीय साधना

एक स्थान पर एक हजार पत्थर पड़े हुए हैं, या तो आप स्वयं एक एक पत्थर उठा कर दूसरे स्थान पर रख दें या किसी अनुभवी मजदूर को कुछ पैसे दे कर यह कार्य सम्पन्न करवा ले, आपका उद्देश्य तो वहां से पत्थर हटा कर दूसरे स्थान पर रखना था, पर इसके लिए दोनों तरीके हैं, पहले तरीके की अपेक्षा दूसरा तरीका ज्यादा अनुकूल है, क्योंकि एक तो इससे आपके समय की बचत होती है और दूसरा वह मजदूर अनुभवी होने के कारण अपने हाथ पैरों को बचा कर वह कार्य जल्दी सम्पन्न कर लेगा।

ठीक इसी प्रकार "सम्मोहन यंत्र" का है, या तो आप स्वयं पूर्ण सवा लाख मंत्र जप सम्पन्न कर उस यंत्र को ऊर्जा युक्त और चैतन्य बनावे, या कुशल पंडित कुछ पैसे लेकर इस प्रकार के यंत्र को मंत्र सिद्ध चैतन्य प्राण युक्त बना दे। इस प्रकार का महत्वपूर्ण और प्रभावयुक्त सम्मोहन यंत्र बनाने पर व्यय मात्र १९५)रू. व्यय आता है। जो कि उसकी दक्षिणा और पूजन सामग्री से संबंधित होती है।

ठीक जिस प्रकार से कोट पहिन लेने से सीने पर निरन्तर गर्मी का अहसास होता रहता है, उसी प्रकार यह महत्वपूर्ण यंत्र किसी धागे में पिरो कर गले में धारण करने से या बांह पर बांधने से पूरे शरीर में निरन्तर विद्युत प्रवाह होता रहता है जो कि सुषुम्ना जाग्रत से संबंधित होता है। जिस प्रकार सिर दर्द की टिकिया मुंह के द्वारा पेट में लेने से उसका स्वतः अपने आप प्रभाव मस्तिष्क पर हो जाता है और मस्तिष्क अर्थात् सिर दर्द समाप्त हो जाता है, उसी प्रकार यह यंत्र बांह पर या गले में लटकते रहने से उसकी तेजस्वी किरणे और उसका मंत्र विद्युत प्रवाह सीधा सुषुम्ना नाड़ी पर होता रहता है और कुछ ही दिनों में सुषुम्ना नाड़ी जाग्रत हो जाती है।

और जब सुषुम्ना जाग्रत होती है, तो निश्चय ही उसका सारा शरीर आकर्षक, प्रभाव युक्त और चुम्बकीय हो जाता है। उसकी आंखों में एक विशेष प्रकार की सम्मोहन शक्ति आ जाती है, जिसके फलस्वरूप वह किसी को भी वश में कर सकता है, उसको सम्मोहित कर सकता है, और अपने जीवन में पूर्ण सफलता पा सकता है।

इस प्रक्रिया को और तीव्र करने के लिए यदि निम्न शब्दों का नित्य आधे घण्टे तक उच्चारण करें या दूसरे शब्दों में मन्त्र जप करे तो यह प्रक्रिया कुछ ही दिनों में सम्पन्न हो जाती है, और यह सम्मोहन प्रवाह जीवन भर बना रहता है।

इसके लिए यह जरूरी नहीं है कि आप स्नान कर शुद्ध वस्त्र पहिन के धोती धारण करके एक स्थान पर बैठ कर ही मन्त्र जप करे, और न इसमें घी का दीपक अगरबत्ती या पूजन सामग्री की जरूरत होती है, यह मन्त्र जप तो स्नान करते हुए या स्नान करने के बाद कपड़े पहिनते हुए, या जब भी घण्टे आधे घण्टे का समय मिल जाय इस मन्त्र का उच्चारण कर सकते हैं, इन शब्दों का भी सीधा प्रवाह सुषुम्ना नाड़ी पर पड़ता है, और वह जल्दी उत्तेजित और जाग्रत हो जाती है।

Anil Kumar

मंत्र

।। ॐ क्लीं क्लीं क्रीं क्रीं हुं हुं फट् ।।

और सुषुम्ना जाग्रत होते ही आपकी आंखों में सम्मोहन प्रभाव इतना तीव्र हो जाता है कि आप किसी को भी मात्र देखने से ही उसे अपने वश में कर सकते हैं और जीवन भर उसे अपने अनुकूल बनाये रख सकते हैं।



प्रयत्न होता है कि साधकों को प्रामाणिक सामग्री एक स्थान पर मिल सके और वे साधना सम्पन्न कर इसका लाभ उठा सके।

शशिदेव्य साधना प्रयोग

यह साधना मात्र आठ दिनों की साधना है, किसी भ शुक्रवार से यह साधना प्रारम्भ की जाती है. और अग शुक्रवार को यह साधना सम्पन्न हो जाती है। इसमें स

आवश्यक नहीं है कि एक ही स्थान पर बैठ कर साधना सम्पन्न की जाय, यदि आपको इस अवधि में किसी अन्य स्थान पर जाना पड़े तो वहां पर बैठ कर के भी रात्रि में इस साधना को सम्पन्न किया जा सकता है, यह रात्रि कालीन साधना है, और इसको रात में ही सम्पन्न करना चाहिए।

इस साधना में किसी विशेष प्रकार के वस्त्र या आसन आदि की आवश्यकता नहीं है, साधक चाहे तो धोती या अन्य किसी भी प्रकार के वस्त्र धारण कर इस साधना को सम्पन्न कर सकता है। साधना काल में अपने कानों में गुलाब का इत्र लगा कर साधना में बैठे तो ज्यादा उचित रहता है।

सामने किसी पात्र में गुलाब की पंखुड़ियां बिछाकर (गुलाब न हो तो अन्य किसी भी प्रकार के पुष्प का उपयोग हो सकता है) उस पर शशिदेव्य अप्सरा यंत्र को स्थापित कर दे। यह यंत्र अत्यन्त ही महत्वपूर्ण माना गया है, और इसे मंत्र सिद्ध तथा तेजस्वी सम्पन्न करने पर व्यय मात्र २४०) रू. आया है। इस यंत्र को गुलाब की पंखुड़ियों पर स्थापित कर उस पर केसर का तिलक करे और फिर अपने दाहिने हाथ पर बांये हाथ से केसर से 'शशिदेव्य अप्सरायै नमः' अक्षर लिखे और फिर दाहिने हाथ से ही हकीक माला के द्वारा मंत्र जप करे। इसमें सफेद रंग के अलावा अन्य रंग की हकीक माला का प्रयोग करना चाहिए।

सबसे पहले अपनी आंखों के सामने अत्यन्त सुन्दर आकर्षक मन मोहक अप्सरा का चिन्तन करे, और फिर निम्न प्रकार से उसका ध्यान और आह्वान करे।

त्रैलोक्य मोहिनी गौरी विचित्राम्बर-धारिणी
विचित्रालङ्कृता रम्या नर्तकी-वेष धारिणीम्।
पूर्ण चन्द्राननां गौरी विचित्राम्बर-धारिणी
पीनोन्नत-कुचा-रामां सर्वज्ञामभय-प्रदाम्।
कुरंग नेत्रां शरबिन्दु-वक्त्रां बिम्बाधरां चन्दन-
गन्ध-माल्याम्।
चीनांशुकां पान-कुचां मनोज्ञां दिव्यां सदा काम-
करां विचित्राम्।

ध्यान के बाद निम्न मंत्र की ५१ माला मंत्र जप करे

मंत्र

ॐ ह्लीं आगच्छागच्छ शशिदेव्य अप्सरायै नमः

५१ माला मन्त्र जप होने के बाद साधक विश्राम करे, इस प्रकार नित्य करे, पर अपने साधना के रहस्य किसी को न बतावे, यदि इन आठ दिनों में कुछ दृश्य दिखाई भी दे तब भी किसी को न कहे।

अगले आठवे दिन शुक्रवार की रात्रि को अत्यन्त सुन्दर आकर्षक मनमोहक शशिदेव्य अप्सरा साधक के सामने सशरीर उपस्थित होती है, और वह साधक के पास ही घुटने से घुटना सटा कर बैठ जाती है, और लज्जा के साथ कहती है कि मैं तुम्हारी साधना के द्वारा तुम्हारे वश में हूं, और जीवन पर्यन्त तुम्हारे वश में रहूंगी, जब वह हाथ पर हाथ दे कर वचन दे, तब साधक अपने आसन से उठ खड़ा हो और वह सामने पात्र रखा हुआ शशिदेव्य अप्सरा यन्त्र अपने गले में या शरीर पर धारण कर ले, इस प्रकार जब तक वह यन्त्र साधक के शरीर पर रहेगा, तब तक शशिदेव्य अप्सरा साधक के वश में बनी रहेगी।

और जब भी उस यन्त्र को स्पर्श कर पीछे दिये हुए मन्त्र का ११ बार उच्चारण किया जायेगा तब वह प्रत्यक्ष प्रगट होगी और उसे जो भी कार्य सौंपा जायेगा' वह अवश्य ही पूर्ण करेगी।

यों तो यह साधना कभी भी की जाती है, पर ७ जून ८९ को शशिदेव्य अप्सरा दिवस है, और इस दिन पुष्य नक्षत्र भी है, अतः इस दिन साधना प्रारम्भ की जाय तो निश्चय ही सफलता मिल सकती है, वास्तव में ही प्रत्येक साधक को इस दिन का उपयोग करना चाहिए।